



## सीएम 26 को रामघाट पर मां शिप्रा को चढ़ाएंगे 351 फिट की चुनरी

- जल संवर्धन अभियान-शिप्रा तीर्थ
- परिक्रमा अंतर्गत पत्रकारवार्ता

**उज्जैन। श्री महाकालेश्वर की पवित्र धरा से प्रारंभ हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जल एवं पर्यावरण संरक्षण की एक सशक्त जनचेतना यात्रा बन गया है। लगभग 22 वर्ष पूर्व शिप्रा तट से प्रारंभ हुआ यह प्रयास आज एक वटवृक्ष का रूप ले चुका है और अब संपूर्ण मध्यप्रदेश में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विशेष प्रयासों से विस्तार की ओर अग्रसर है।**

उज्जैन में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत शिप्रा तीर्थ परिक्रमा एवं गंगा दशमी महोत्सव का आयोजन 25 एवं 26 मई को किया जा रहा है। शिप्रा लोक संस्कृति समिति एवं महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ (संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन), उज्जैन विकास प्राधिकरण, रामघाट तीर्थ पुरोहित सभा अवंतिकापुरी तथा जिला प्रशासन उज्जैन के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम के लिए शनिवार को शोध पीठ कार्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इसमें रवि सोलंकी यूडीए अध्यक्ष, संत रामेश्वर दास महाराज कार्यकारी अध्यक्ष शिवप्रतीर्थ परिक्रमा, शिप्रा लोक संस्कृति समिति के सचिव नरेश शर्मा, डॉ. रमन सोलंकी, दिलीप सोनी कुलसचिव महर्षि पाणिनि संस्कृत वैदिक विश्वविद्यालय ने कार्यकम की जानकारी दी। उनके अनुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शिप्रा तीर्थ परिक्रमा एवं गंगा दशमी महोत्सव का यह आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के अंतर्गत द्विदिवसीय शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा आयोजित की जाएगी, जिसमें हजारों श्रद्धालु सहभागिता करेंगे। प्रदेश में पहली बार नौसेना बैंड की प्रस्तुति मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से प्रदेश में सांस्कृतिक और पर्यावरणीय जागरूकता को एक नया आयाम मिल रहा है। इसी क्रम में पहली बार भारतीय नौसेना बैंड की भव्य प्रस्तुति आयोजित की जा रही है, जो न केवल देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करेगी, बल्कि जन-जन को एक सकारात्मक संदेश भी देगी।

### धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे

26 मई को सायं 5 बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मां शिप्रा को 351 फीट लंबी चुनरी अर्पित की जाएगी। इस विशेष अवसर पर भक्ति संगीत एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम अनिल फिरोजिया, बालयोगी संत उमेश नाथ महाराज, गौतम टटवाल, अनिल जैन कालूखेड़ा, मुकेश टटवाल, कलावती यादव, डॉ. रवि सोलंकी, ओम जैन सहित अन्य गणमान्य नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न होगा।

## 40 दिन का ही पानी बचा, निर्णय नहीं लिया तो दिखेगा सिर्फ सूखा

### नवभारत की खबर का असर, गंभीर डेम पहुंची नेताओं और जनप्रतिनिधियों की टीम, अभी तो होगा जलप्रदाय

**उज्जैन। लगातार उठाए जा रहे जल संकट के मुद्दे और नवभारत में प्रकाशित खबर के बाद शनिवार को गंभीर डेम का अफसरों और जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त अवलोकन किया। डेम में केवल लगभग 40 दिन का पानी शेष रहने की स्थिति सामने आने के बाद निगम प्रशासन, जनप्रतिनिधि और जल कार्य विभाग अलर्ट मोड पर दिखाई दिए। हाल फिलहाल डेम का आधे से अधिक हिस्सा खाली हो चुका है। यदि कठोर निर्णय नहीं लिया तो जल के सिर्फ अवशेष दिखेंगे।**

उज्जैन महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापति कलावती यादव, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, जल कार्य समिति के प्रभारी प्रकाश शर्मा ने फिलहाल शहर में रोजाना जल प्रदाय जारी रखने की



बात कही, वहीं 10 दिन बाद दोबारा स्थिति की समीक्षा कर नया निर्णय लेने के संकेत भी दिए गए।

हालांकि 10 दिन तक रोज नल देने का दावा किया गया, इधर शनिवार रात को अचानक संदेश जारी कर बताया गया कि रविवार को शहर में पेयजल सप्लाई नहीं होगी। बाद में इसे टेक्निकल फाल्ट बताया गया। इससे आम लोगों में भ्रम और चिंता की स्थिति बन गई। सुबह जनता को भरोसा दिया गया कि रोज पानी मिलेगा, वहीं शाम तक जल प्रदाय रोकने की सूचना जारी हो गई।

### पानी की कीमत समझ कर पानी बचाने के लिए जागरूकता जरूरी

शहर में लगातार बढ़ती पानी की खपत और बर्बादी भी चिंता का विषय बनी हुई है। कई इलाकों में पानी बहता दिखाई देता है, जबकि दूसरी ओर भविष्य का संकट सामने खड़ा है। जल विशेषज्ञों का कहना है कि केवल प्रशासनिक निर्णय काफी नहीं होंगे, जनता को भी पानी बचाने की जिम्मेदारी समझनी होगी। घरों में अनावश्यक पानी बहाने, वाहन धुलाई और अन्य फिजूल उपयोग पर रोक लगाना जरूरी है। 10 दिन बाद यदि फिर से समीक्षा कर एक दिन छोड़कर जल प्रदाय का निर्णय लिया जाना है, तो वह फैसला अभी लेना अधिक व्यावहारिक माना जा रहा है। समय रहते कठोर निर्णय नहीं लिए गए तो आने वाले हफ्तों में शहर को बड़े जल संकट से जूझना पड़ सकता है। महापौर से लगाकर नगर निगम आयुक्त और निगम सभापति ने नवभारत से चर्चा में बताया कि अभी निर्माण कार्य भी चल रहा है इसलिए पाइपलाइन डैमेज हो गई है जिसे दुरुस्त कराया जा रहा है जनता को पानी की कमी नहीं होने दी जाएगी।

### शहरवासियों का कहना है कि स्थिति होगी गंभीर

शहरवासियों का कहना है कि यदि अभी से सख्ती और जल प्रबंधन नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार यदि बारिश देर से आती है और इसी तरह पानी खर्च होता रहा तो उज्जैन को बड़े जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में अभी से एक दिन छोड़कर जल प्रदाय शुरू किया जाना चाहिए। निरीक्षण के दौरान नर्मदा परियोजना का विकल्प भी सामने आया। अधिकारियों ने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर पाइप लाइन के माध्यम से नर्मदा का पानी गंभीर डेम में छोड़ा जा सकता है।

## महाराणा प्रताप जयंती कार्यक्रमों की जानकारी का फोल्डर विमोचित

**उज्जैन।** देवासगेट स्थित कार्यालय पर 23 मई की शाम पांच बजे आगामी महाराणा प्रताप जयंती पर आयोजित सम्पूर्ण कार्यक्रमों की जानकारी युक्त फोल्डर का विमोचन अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारीगणों ने किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री अनिलसिंह चंदेल, हरदयालसिंह एडवोकेट, अभिषेकसिंह बैस, आनंन्दसिंह खींची, राजा ठाकुर, दर्शन ठाकुर, लोकेन्द्रसिंह गौड, मलखानसिंह दीखित, अनिलसिंह राजपूत, श्यामबहादुरसिंह बघेल, शैलेंन्द्रसिंह ठाकुर, अनूपसिंह राणा,



राघवेंद्रपालसिंह जादौन, राघवेंन्द्रसिंह भदौरिया, हिमांशुसिह कुशवाह आदि सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारीगण उपस्थित थे। महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर 17 जून बुधवार की शाम 4 बजे महाराणा प्रताप जी की मूर्ति से शौर्य यात्रा तथा इसके पूर्व 14 जून 2026 रविवार की शाम 4 बजे महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा से दोपहिया वाहन रैली निकाली जाएगी।

## सांई साधराम को उज्जैन में दी श्रद्धांजलि

**उज्जैन।** महान संत कंवरराम के नाती और साईं साधराम जी साहब के देवलोक गमन से पूरे विश्व में शोक की लहर छा गई है। 19 मई को सिंगापुर में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान हृदयघात से उनका आकस्मिक निधन हो गया था। साईं साधराम जी की स्मृति में 23 मई को पूरे भारत के साथ ही उज्जैन में भी सिंधी समाज द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

साईं साधराम जी का अंतिम संस्कार 21 मई को संत सतराम धाम, राहडकी, सिंध में पूरे विधि-विधान से संपन्न हुआ। उनकी अंतिम यात्रा में लगभग 10 लाख श्रद्धालु एकत्रित हुए थे। साईं जी के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए पाकिस्तान की पार्लियामेंट में भी 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उज्जैन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में समाज जन, माताएं और बहनें उपस्थित हुईं। सभी ने नम आंखों से पुष्प अर्पित कर साईं जी को अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर डॉ. मुकेश जेठवानी, डॉ. उमेश जेठवानी, राजकुमार परसवानी, संतोष लालवानी, रतनलाल काका, सबनानी सहित सिंधी समाज के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## एक नजर में



### आज निकलेगी भव्य गौ चारण यात्रा

**उज्जैन।** श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, युवा मंडल एवं महिला मंडल के संस्थापक विट्ठल नागर के नेतृत्व में पुरुषोत्तम मास के अंतर्गत विशेष मनोरथ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन श्रृंखला के तहत आचार्य श्री महाप्रभु जी की बैठक पर रास गरबा मनोरथ संपन्न हुआ। जिसमें सैकड़ों महिलाओं एवं पुरुषों ने गरबा किया। इस अवसर पर श्री महाप्रभु जी की बैठक को मोगरे के फूलों से ऐसा महकाया गया कि पूरा माहौल खुशबू से महक उठा। वहीं रविवार, 24 मई को भव्य गौ चारण मनोरथ आयोजित किया जाएगा। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि रविवार शाम 5 .30 से 6 बजे के बीच श्री महाप्रभु जी की बैठक से गौ चारण यात्रा शुरू होगी। उज्जैन में संभवत: पहली बार गौ माता की ऐसी अनूठी सेवा की जा रही है। यह यात्रा सुरभि गार्डन पहुंचेगी, जिसमें गाय, ग्वाल और श्रीकृष्ण स्वरूप शामिल रहेंगे। इन समस्त आयोजनों को सफल बनाने में जयेश श्रीफ, निरंजन माहेश्वरी, मनीष नागर, दीपेश शाह, नीतिन नीमा, अमर दिसावल, राहुल नागर, आभास शर्मा, पारुल शाह, मनीषा नागर, कामिनी शाह और परेशा नीमा सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्यों की सक्रिय भूमिका है।

### नि :शुल्क नाड़ी परीक्षण शिविर

**उज्जैन।** क्षीरसागर स्थित प्रकाश टॉकीज की गली में 20 से 24 मई तक चलने वाला पांच दिवसीय नि :शुल्क नाड़ी परीक्षण एवं परामर्श शिविर निरंतर जारी है। जायसवाल धर्मशाला में आयोजित इस शिविर में जबलपुर के प्रसिद्ध आयुर्वेद विशेषज्ञ और नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल मरीजों की नि :शुल्क जांच कर उन्हें स्वास्थ्य परामर्श दे रहे हैं। मां दुर्गा वन औषधि संजीवनी अनुसंधान के डायरेक्टर वैद्य जायसवाल पिछले 25 वर्षों से आयुर्वेद चिकित्सा के माध्यम से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। शिविर में मुख्य रूप से उन मरीजों का उपचार किया जा रहा है जो पुराने और असाध्य रोगों से लंबे समय से परेशान हैं और जिन्हें अन्य जगह लाभ नहीं मिल पा रहा है। यहां बिना किसी सर्जरी के मात्र पांच मिनट में मस्सा निकालने की विशेष सुविधा भी उपलब्ध है। शिविर में लीवर, किडनी, पथरी, बवासीर, भगंदर, दमा, थायराइड, मिर्गी, माइग्रेन, साइटिका, लकवा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गठिया वात और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के साथ ही चर्म रोग, सफेद दाग, मोटापा, गुप्त रोग, नि:संतानता और महिलाओं से जुड़ी विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का आयुर्वेदिक औषधियों व प्राचीन जड़ी-बूटियों से सफल इलाज किया जा रहा है। इसके अलावा बच्चों की स्मरण शक्ति व आंखों की रोशनी बढ़ाने की विशेष दवाएं भी दी जा रही हैं।

### कंपनी कर्मचारी कांग्रेस की बैठक आज

**उज्जैन।** श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस द्वारा रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें पेंशन की मांग, वेतन विसंगतियों सहित अन्य कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक दिनांक 24 मई 2026 को रविवार दोपहर 12 बजे फ्रीगंज स्थित शहीद पार्क पर आयोजित की जाएगी। श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी के संयोजक एवं ऑर्गेनाइजिंग मजदूर कांग्रेस के शहर अध्यक्ष प्रकाश सोलेकी ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार से लंबे समय से मांग की जा रही है पर मांग नहीं पूरी होने पर बैठक में पेंशन की मांगों पर विचार-विमर्श, संगठन विस्तार एवं विभिन्न गतिविधियों की रूपरेखा तय की जाएगी। बैठक में विभिन्न विभागों के कर्मचारी एवं पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक में प्रमुख रूप से राम चंदन चौधरी, रतन सिंह हरा, प्रभुनाथ यादव सहित अन्य कर्मचारी नेता उपस्थित रहेंगे। प्रकाश सोलेकी ने सभी कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है।

### गढ़कालिका में लगा 3 क्विंटल आम का भोग

**उज्जैन।** प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां गढ़कालिका मंदिर में ज्येष्ठ अधिकमास में आम का महाभोग अर्पित किया गया। मंदिर की शासकीय पुजारी महंत करिश्मा नाथ ने बताया कि सुबह मां गढ़कालिका का अभिषेक-पूजन किया। इसके पश्चात आकर्षक श्रृंगार किया गया व 3 क्विंटल आम का महाभोग लगाया गया। इस अवसर पर मोगरे की कलियों से मां का दरबार सजाया गया। शाम को ढोल-नगाड़ों से महाआरती की गई।

## युवक का मोबाइल हैक कर खाते से निकले 1 .36 लाख, प्रकरण दर्ज

- मोबाइल में हाइट एप्प डाउनलोड हुआ था, जो स्क्रीन पर नहीं दिखता

**उज्जैन।** सायबर फ्रॉड में शामिल बदमाशों द्वारा बिना ओटीपी, पासवर्ड मांगे मोबाइल हैक कर खातों से रुपये निकाले जा रहे हैं। ऐसा ही मामला नीलगंगा थाना पुलिस ने दर्ज कर जांच में लिया है।

अलखधाम स्थित द्वारकामाई अपार्टमेंट में रहने वाला जयवर्धन पिता स्व. राधाकृष्ण तिवारी 39 साल प्रायवेट जॉब करता है। 13 मई को अचानक मोबाइल हैक गया था। जो कुछ देर बाद वापस चलने लगा। लेकिन 16 मई को पता चला कि उसके खाते से 1.36 लाख का ट्रांजेक्शन हो चुका है। बैंक से जानकारी लेने के बाद जयवर्धन ने मामले की शिकायत नीलगंगा थाना पुलिस को दर्ज कराई और बताया कि बिना ओटीपी और पासवर्ड के उसके खाते से रुपये निकले हैं। पुलिस ने जांच शुरू की तो सामने आया कि मोबाइल में हाइट एप्प डाउनलोड हुआ था। जो मोबाइल स्क्रीन पर दिखाई नहीं देता है। उसके माध्यम से सायबर फ्रॉड करने वालों ने मोबाइल हैक कर ऑनलाइन ट्रांजेक्शन किया है। मामले में एएसआई उद्यमसिंह राठौर ने बताया कि प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है। जिस खाते में रुपयों का ट्रांजेक्शन हुआ है, उसका पता लगाकर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जायेगें।

### कानीपुरा मार्ग से गिरफ्त में आया बाइक चोर

**उज्जैन।** गरोठ ब्रिज से बाइक चोरी कर भागे 2 बदमाशों में से एक को कानीपुरा मार्ग से गिरफ्तार कर लिया गया। जिससे बाइक बरामद की गई है। पूछताछ कर उसके दूसरे साथी का पता लगाया जा रहा है। चिमनगंज थाना एसआई दिनेश भट्ट ने बताया कि 23 मार्च को पंवासा क्षेत्र का रहने वाला अजय पिता रमेशचंद्र मालवीय गरोठ ब्रिज से पंवासा की ओर आ रहा था। तभी लघुशंका के लिये रुका, उसने बाइक ब्रिज पर खड़ी की और चला गया। वापस आया तो बाइक गायब थी। बाइक चोरी होने की शिकायत अजय ने थाने आकर दर्ज कराई। पुलिस बदमाशों का पता लगाने का प्रयास कर रही थी। शुक्रवार शाम सूचना मिली कि गरोठ ब्रिज से चोरी हुई बाइक के साथ एक युवक कानीपुरा मार्ग पर खड़ा है। तत्काल बाइक के साथ आये युवक को पकड़ने के लिये घेराबंदी की गई और उसे हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने साथी के साथ मिलकर बाइक चोरी करना कबूल कर लिया। आरोपी का नाम राकेश पिता प्रहलाल भाटी जाति मोंगिया निवसी ग्राम नांदेड सामने आया है। गिरफ्त में आये आरोपी के खिलाफ पूर्व में चोरी के कई मामले दर्ज है।

### घर में सीढ़ियों से गिरे युवक की मौत

**उज्जैन।** घर में सीढ़ियों से गिरे युवक को सिर में गंभीर चोंट लगी। उसे परिजन उज्जैन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन युवक की मौत हो चुकी थी। मृतक युवक की पत्नी गर्भवती है। इंगोरिया के ग्राम दंगवाड़ा से जावेद पिता रूस्तम शाह 25 साल को गंभीर हालत में चरक अस्पताल लाया गया था। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान सामने आया कि जावेद घर में सीढ़ियों से गिरा था। वह घर के पास कमरे में भूसा भरने के बाद ऊपरी मंजिल पर जा रहा था, तभी संतुलन बिगड़ गया था। परिजनों ने बताया कि कुछ समय पहले ही शादी हुई थी।

## राष्ट्रहित का संदेश, एक साल तक सोना न खरीदने की अपील

- भागवत कथा के समापन पर पं. सुनील कृष्ण व्यास ने किया आव्हान

**उज्जैन।** बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में धार्मिक मंच से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का अनूठा संदेश दिया गया है। गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज धर्मशाला में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के समापन अवसर पर प्रख्यात कथा व्यास आचार्य पं. सुनील कृष्ण व्यास ने व्यासपीठ से श्रद्धालुओं से एक साल तक सोना न खरीदने और पेट्रोल-डीजल की बचत करने का आव्हान किया।

आचार्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रव्यापी अपील का समर्थन करते



हुए जनता से सीधे तौर पर इस मुहिम से जुड़ने का आग्रह किया। कथा व्यास ने पर्यावरण और देशहित में वाहनों का सीमित उपयोग करने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने भविष्य की जरूरतों को देखते हुए इलेक्ट्रिक व्हीकल्स अपनाने पर भी बल दिया।

### धर्म और राष्ट्रभक्ति का अनूठा संगम

कथा श्रवण करने पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं के बीच जब धर्म के मंच से राष्ट्रधर्म का यह संदेश गूंजा, तो वहां मौजूद धर्मप्रेमी जनता ने इसकी व्यापक सराहना की। भागवत कथा के आध्यात्मिक माहौल में नागरिकों ने 1 साल तक सोने की खरीदारी पर रोक और ईंधन बचाने का संकल्प लिया। उज्जैन से उठी यह पहल बताती है कि देश को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और मजबूत बनाने में समाज के हर वर्ग और मंच का योगदान महत्वपूर्ण है।

## शिप्रा तीर्थ परिक्रमा में शामिल होने की अपील

**उज्जैन।** शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा की सफलता एवं श्रद्धालुओं को शक्ति प्रदान करने की कामना को लेकर रणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर स्थित शिप्रा नदी तट पर मां शिप्रा का विधि-विधान से पूजन किया गया। इस दौरान मां शिप्रा को चुनरी अर्पित कर यात्रा के सफल आयोजन की प्रार्थना की गई।

मुक्तेश्वर महादेव मंदिर के महंत गादीपति महावीर नाथ महाराज के सान्निध्य में आयोजित पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नागरिकजन शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने मां शिप्रा के जयकारे लगाए हुए 25 मई को निकलने वाली शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा में अधिक से अधिक लोगों से शामिल होने का आव्हान किया। महंत महावीर नाथ महाराज ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जब युवा नेता थे, तभी से यह यात्रा निकाल रहे हैं 22 वर्ष पूर्व शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा की शुरुआत की थी और आज भी यह परंपरा निरंतर जारी है। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को आने वाली कठिनाइयों को स्वयं अनुभव करने के बाद मुख्यमंत्री द्वारा लगातार यात्रा मार्ग पर सुविधाओं एवं विकास कार्यों को प्राथमिकता दी गई, ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। शिप्रा तीर्थ परिक्रमा 25 मई को प्रात: 9 बजे रामघाट से प्रारंभ होगी तथा 26 मई को गंगा दशहरा के अवसर पर शाम 5 बजे मां शिप्रा को चुनरी अर्पित कर यात्रा का समापन किया जाएगा।

## पदाधिकारियों ने लिया एकजुटता का संकल्प

**उज्जैन।** शहर कांग्रेस कार्यालय में संगठन की मजबूती और आगामी रूपरेखा को लेकर जिला प्रभारी, विधानसभा प्रभारी एवं ब्लॉक अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस पार्टी को मंडलम, सेक्टर और बूथ स्तर तक सशक्त बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के दौरान सभी पदाधिकारियों ने संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करने के सुझाव साझा किए। साथ ही एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार, मुकेश भाटी, विधायक दिनेश जैन, चंदर सिंह सौंधिया, राजेंद्र व्यास और निर्वाचन प्रतिनिधि हेमंत जौहरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई टास्क फोर्स की बैठक

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला माईनिंग टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा,जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कुमट, जिला खनिज अधिकारी देविका परमार और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने जिला खनिज अधिकारी को खनिजों के अवैध उत्खनन पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में 01 अप्रैल से 22 मई तक अवैध परिवहन के 15 प्रकरण, अवैध उत्खनन के 8 और अवैध भंडारण के 03 प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की है। उक्त प्रकरणों में 23 लाख 56 रुपए की राशि का अर्थदंड किया गया है।

## राज्य कर्मचारी कल्याण समिति अध्यक्ष का सम्मान

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के बैनर तले विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा सहित अन्य अतिथियों का सम्मान किया। प्रदेश संगठन मंत्री मनोहर लाल गिरी ने इस आयोजन के लिए संगठन के समस्त पदाधिकारियों को एकत्रित किया था। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ एवं संयुक्त मोर्चा संगठन के जिलाध्यक्ष मोकम सिंह पटेल के नेतृत्व में हेमराज घावरी और संघ के प्रतिनिधिमंडल ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान ओम जैन और अमित श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारियों का भी पुष्पमालाएं पहनाकर भव्य सम्मान किया गया।

डांसर पहुंचे महाकाल | सभी कलाकारों ने नंदी हाल से दर्शन कर कान में मनोकामना कही

## रेमो डिसूजा, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन ने लिया महाकाल का आशीर्वाद

**उज्जैन। प्रसिद्ध कोरियोग्राफर और फिल्म निर्माता रेमो डिसूजा, अभिनेत्री अंकिता लोखंडे, अभिनेता विक्की जैन ने महाकाल के दर्शन किए। वे भगवान की शयन आरती में शामिल हुए। रेमो डिसूजा सपत्नीक मंदिर पहुंचे थे।**

सभी ने नंदी हाल में बैठकर बाबा महाकाल की आरती देखी। इसके पश्चात उन्होंने नंदी जी का पूजन अभिषेक कर नंदी के कान में मनोकामना भी कही। इसके बाद चांदी द्वार से भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सभी बॉलीवुड स्टार का



स्वागत किया गया।

इधर सब टीवी के चर्चित सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा के अभिनेता मंदार चंदवाडकर ने शुक्रवार को उज्जैन में महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने नंदी हाल में बैठकर भगवान की पूजा-अर्चना की।



### बृहस्पति मंदिर में लगाया आम का भोग

उज्जैन। महाकाल मंदिर परिसर में स्थित प्राचीन श्री देव गुरु बृहस्पति महादेव मंदिर में आम का भोग अर्पित कर महाआरती की। मंदिर के पुजारी पं. नवनीत शर्मा, रूपम शर्मा ने बताया कि भगवान श्री देव गुरु बृहस्पति का सुबह पंचामृत, आम के रस से अभिषेक-पूजन किया गया। इसके पश्चात दिव्य श्रृंगार कर आम का महाभोग अर्पित किया गया। इस अवसर पर उज्जैन विकास प्राधिकरण के रवि सोलंकी भी उपस्थित हुए। उन्होंने दर्शन के लिए आए भक्तों को आम प्रसाद का वितरण भी किया।